राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।

क्रमॉकः–एफ–8(सांस्कृति प्रोग्राम / युवा)अकाद / आकाशि / 2018 / पार्ट / 1004 दिनांक :–30जून 2020

समस्त प्राचार्यगण,
राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान ।

विषयः–**कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु प्रदेश में चलाये जाने वाले विशेष जागरूकता अभियान ।**

संदर्भः–आयुक्त, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग का पत्रांक क्षेत्र प्रचार / 2020 / 6949–7099 दिनांक 18 जून 2020 ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के कम में निवेदन है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण को महामारी (Pandemic) घोषित किया गया है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं इससे बचाव के लिये विभिन्न प्रसार–प्रचार माध्यमों से आमजन को मास्क पहनने, नियमित रूप से हाथ धोने, सेनेटाईजर का उपयोग करने एवं सोशल डिस्टेंससिंग बनाये रखने के प्रति जाग्रत किया जा रहा है ।

लॉकडाउन खुलने के बाद शुरू हुई व्यावसायिक व अन्य गतिविधियों के कारण कोरोना संक्रमण बढ़ने के खतरे की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुये इस महामारी के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु गांव–ढाणियों, वार्डों एवं मोहल्लों तक लोगों को इस महामारी से बचाव के प्रति विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है ।

महाविद्यालय स्तर पर कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं इससे बचाव के प्रति आमजन में जागरूकता पैदा करने के लिये यथासम्भव विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार करें ।

(प्रदीप कुमार बोरड़)IAS
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राज0,जयपुर।

क्रमॉकः–एफ–8(सांस्कृति प्रोग्राम / युवा)अकाद / आकाशि / 2018 / पार्ट / 1005 दिनांक :–30जून 2020

प्रतिलिपि – निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– आयुक्त, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, राजस्थान, जयपुर को संदर्भित पत्र के कम में।
2– वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

(डॉ0 दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, राज0,जयपुर।